BCA BBM-Ist year

7401-01 No. of Pages : 8

Degree (Part-I) Vocational Examination, 2019

HINDI COMPOSITION

[COMPOSITION]

[Paper : First]

[PPU-DI(V)-(COMP)-HIN(100M)]

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 100

नोट : परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए : [12×3=36]

(क) निम्नलिखित में से **किसी एक** का काव्यात्मक परिचय दीजिए :

तुलसीदास, बिहारी, रामधारी सिंह दिनकर

(ख) कबीर के काव्य की सामाजिक चेतना का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ग) बिहारी की काव्यभाषा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(घ) 'पूस की रात' कहानी की समीक्षा कीजिए।

PPULearn.com

(ङ) 'सबिया' रेखाचित्र अथवा 'समय काटने वाले' व्यंग्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिये।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [8×3=24]

(क) बड़ सुख सार पाओल तुम तीरे, छोड़इत निकट नयन बह नीरे।

करजोरि बिनयओ बिमल तरंगे, पुन दरसन होए पुनमति गंगे।

(ख) कौन ठगवा नगरिया लूटल हो।

चन्दन काठ के बनल खटोलना, तापर दुलहिन सूतल हो।

(ग) कनक कनक तैं सौगुनी, मादकता अधिकाई।

उहिं खाएँ बौराइ नर, इहिं पाएँ बौराइ।।

(घ) मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते। मर-मर कर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जन्म हुआ है। पेट के लिए मजूरी करो। ऐसी खेती से बाज आये।

(ङ) हाँ, बरसात बीत गई। बाढ़ खतम हो गई। अब नदी अपनी धारा में है; शान्त गति से बहती। न बाढ़ है, न हाहाकार, कीचड़ और खर-पात का नाम-निशान नहीं। शांत, स्निग्ध, गंगा।

PPULearn.com

3. निम्नलिखित में से **किसी एक** पर निबन्ध लिखिए : [15]

(क) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी

(ख) छात्र और राजनीति

(ग) पर्यावरण संरक्षण

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए :[5×3=15]

(क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) हिन्दी के प्रचार में बड़े-बड़े संकट हैं।

(ii) सब लोग अपनी राय दें।

(iii) खेतों में लंबे-लंबे घास उग आए।

(iv) अब आज से ऐसी गलती मत करना।

(v) वहाँ पर कितने लोग थे।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए :

(i) अनर्थ

(ii) उत्कृष्ट

PPULearn.com

(iii) बदकिस्मत

(iv) संपूर्ण

(v) सत्कर्म

(ग) मुहावरा और लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) अपने महाविद्यालय में खेल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अपने प्रधानाचार्य महोदय को एक आवेदन लिखिए।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [1×10=10]

(क) 'रामचरित मानस' किसकी रचना है ?

(ख) 'निसि दिन बरसत नैन हमारे' - इस पंक्ति के कवि कौन हैं ?

(ग) विद्यापति की पदावली की भाषा क्या है ?

(घ) बिहारी किस काल के कवि हैं ?

(ङ) 'बीजक' किसकी रचना है ?

(च) प्रेमचंद के किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए।

(छ) मैथिलीशरण गुप्त की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ज) रहीम किसके दरबार के नौ रत्नों में एक थे ?

PPULearn.com

(झ) रामधारी सिंह दिनकर का जन्म भारत के किस राज्य में हुआ था ?

(ञ) 'सबिया' किसकी रचना है ?

----- X -----

PPULearn.com